सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2024/211 दर्ज तिथिः—12.06.2024

1. अर्जुनराम पुत्र बिजला
2. चतरा पुत्र दुर्गा
3. चांपाराम पुत्र बिजला
4. छोगाराम पुत्र वाला
5. तेजा पुत्र दुर्गा
6. नानजी पुत्र वाला
7. पीरा पुत्र गोकला
8. बीजलाराम पुत्र चिमनाराम
9. भावाराम पुत्र वालाराम
10. हेमाराम पुत्र चिमनाराम
11. रामाराम पुत्र बीजला
12. वगतूदेवी पत्नी वालाराम
13. शंकराराम पुत्र चिमनाराम
14. सांवलाराम पुत्र बिजला
15. हरा पुत्र दुर्गा

कौम रैबारी निवासी सोढों की ढाणी, तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

.....................प्रार्थी

**<u>बनाम</u>**

1. अणदाराम पुत्र केवाराम
2. नेनूदेवी पत्नी केवाराम
3. नरींगा पुत्र मूला
4. पताराम पुत्र लाखाराम
5. माहिंगाराम पुत्र लाखाराम
6. सांवलाराम पुत्र लाखाराम
7. हमीराराम पुत्र लाखाराम
8. केशीदेवी पत्नी लाखाराम
9. गिरधारीराम पुत्र लाखाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.05 20:23:42 IST
Reason: SelfAttested

10. रामाराम पुत्र भलाराम नाबालिग संरक्षक वली माता केलीदेवी
11. गोवाराम पुत्र भलाराम नाबालिग संरक्षक वली माता केलीदेवी
12. ममता पुत्री भलाराम नाबालिग संरक्षक वली माता केलीदेवी
13. ज्योत्सना पुत्री भलाराम नाबालिग संरक्षक वली माता केलीदेवी
14. केलीदेवी पत्नी भलाराम
15. महादेवाराम पुत्र तुलछा
16. रतना पुत्र तुलछा
17. जोगा पुत्र तुलछा
18. अतियों पत्नी तुलछा

कौम रैबारी निवासी सोढों की ढाणी, तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

19. उदाराम पुत्र बनाराम
20. रामाराम पुत्र बनाराम
21. अणदाराम पुत्र प्रभा
22. दरगाराम पुत्र प्रभा
23. लालाराम पुत्र प्रभा
24. धर्मो पत्नी प्रभा
25. आदाराम पुत्र चतराराम
26. इन्दूदेवी पत्नी चतराराम
27. गंगदाराम पुत्र चतराराम
28. जगदीश पुत्र चतराराम
29. मोतीराम पुत्र चतराराम

कौम कलबी निवासी सोढों की ढाणी, तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

30. अजा पुत्र मोटा
31. भारमल पुत्र मोटा
32. नरींगा पुत्र मोटा
33. नवा पुत्र मोटा
34. मुकनाराम पुत्र प्रहलाद
35. महिंगा पुत्र प्रहलाद
36. निम्बाराम पुत्र प्रहलाद
37. केशाराम पुत्र निम्बाराम
38. देवाराम पुत्र वगताराम
39. जगू पुत्र भीखा
40. भगा पुत्र होती
41. तेजा पुत्र होती
42. पता पुत्र होती

कौम रैबारी निवासी सोढों की ढाणी, तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

................असल विप्रार्थी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.05 20:23:42 IST
Reason: SelfAttested

43. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार गुड़ामालानी।

........................................तरमीम विप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री चिमनसिंह चौधरी।
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—19.09.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 522/15.9537 है0 एवं खसरा संख्या 522/3/0.8498 है0 वाके ग्राम सोढों की ढाणी पटवार मण्डल रतनपुरा तहसील गुड़ामालानी में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुडामालानी के आदेशांक दिनांक 20.05.2024 की पालना में पटवारी हल्का रतनपुरा द्वारा दिनांक 21.05.2024 द्वारा मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 21.05.2024 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी। प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट निर्धारित चैकलिस्ट में तैयार करने हेतु लिखा गया। जिसकी पालना में पटवारी हल्का रतनपुरा ने दिनांक 27.07.2024 को मौके पर जाकर निर्धारित चैकलिस्ट में बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.05 20:23:42 IST
Reason: SelfAttested

कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 21.05.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries****.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2076—2079 वाके ग्राम सोढों की ढाणी पटवार हल्का रतनपुरा तहसील गुड़ामालानी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम सोढों की ढाणी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 21.05.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.05 20:23:42 IST
Reason: SelfAttested

है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 522 / 15.9537 है0 एवं खसरा संख्या 522 / 3 / 0.8498 है0 वाके ग्राम सोढों की ढाणी पटवार मण्डल रतनपुरा तहसील गुड़ामालानी पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों / हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 19.09.2024 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

सत्यमेव जयते
गुढ़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.05 20:23:42 IST
Reason: SelfAttested